भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1291**
दिनांक 30.07.2024 को उत्तरार्थ

**ई-ग्राम स्वराज जीईएम (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस)**

†**1291. श्री चमाला किरण कुमार रेड्डी:**

क्या **पंचायती राज** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा ई-ग्राम स्वराज गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के आरंभ से अब तक इसके लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है और इसमें शामिल पंचायतों की संख्या, की गई खरीद का मूल्य और प्राप्त बचत का ब्यौरा क्या है;

(ख) आरंभ से अब तक कितनी पंचायतों ने ई-ग्राम स्वराज जीईएम के माध्यम से सफलतापूर्वक ऑनलाइन पंजीकृत हुए है और इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से कुल कितनी खरीद की गई है और क्या तीन लाख पंचायतों का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है;

(ग) क्या सरकार ने ई-ग्राम स्वराज -जीईएम एकीकरण के माध्यम से जारी की गई निविदाओं की कुल संख्या, की गई खरीद का कुल मूल्य और प्राप्त कुल बचत तथा इस पहल के माध्यम से प्राप्त पारदर्शिता, दक्षता और लागत बचत में प्रतिशत वृद्धि के बारे में कोई सर्वेक्षण कराया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पंचायती राज राज्य मंत्री**
**(प्रोफ. एस. पी. सिंह बघेल)**

(क) और (ख) अब तक 94,712 ग्राम पंचायतें ई-ग्राम स्वराज-गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) इंटरफेस से जुड़ चुकी हैं और 18,863 ग्राम पंचायतों के द्वारा इस एकीकरण के माध्यम से 291 करोड़ रुपये की खरीदारी की जा चुकी हैं।

(ग) और (घ) जी नहीं, महोदय। पंचायतों द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद के लिए ई-ग्राम स्वराज के साथ सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) का एकीकरण 24 अप्रैल, 2023 से शुरू किया गया है तथा ग्राम पंचायतें अभी भी ई-ग्राम स्वराज-जीईएम इंटरफेस पर शामिल होने की प्रक्रिया में हैं।

***